भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

रोजगार महानिदेशालय

अनु.जाति/अनु.जनजाति हेतु नेशनल कैरियर सर्विस सेन्टर

आई.टी.आई. परिसर, हेहल, राँची-834005 (झारखण्ड)

फोन नं.0651-2958024, ईमेल पता: cgc.ranchi@gmail.com/sreo-cgcranchi@gov.in

National Career Service

दिनांक 31-05-2022

नामांकन सम्बन्धित सूचना

भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतू नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर, राँची स्थित केन्द्र के सौजन्य से झारखण्ड एवं बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 10+2 या समकक्ष उत्तीर्ण या उच्चतर योग्यता धारित उम्मीदवारों हेतू सत्र 2022-23 में निःशुल्क कोर्स(कक्षाएँ)ऑनलाइन/ऑफलाइन संचालित किया जाना प्रस्तावित है जोकि पहली जुलाई, 2022 से शुरू होगी। जिस (कोर्स)की अवधि, योग्यता आदि निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कोर्स का नाम	कोर्स अवधि छात्रवृति/अवधि	योग्यता	उम्र	अध्ययन केन्द्र	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि
1.	टंकण- हिन्दी/अंग्रेजी एवं कंम्प्यूटर	06 माह	10+2 या समकक्ष उत्तीर्ण या उच्चतर	18-30 वर्ष (01-07-2022 को)	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतू नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर, राँची	22-06-2022	24-06-2022
2	आशुलिपि-टंकण(हिन्दी/अंग्रेजी) के साथ सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान एवं कंप्यूटर (स्पेशल कोचिंग/विशेष प्रशिक्षण)	11 माह/ 11 माह	10+2 या समकक्ष उत्तीर्ण या उच्चतर अंग्रेजी अनिवार्य) (विषय)	18-27 वर्ष (01-07-2022 को)	राँची के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान	22-06-2022	24-06-2022
3.	'ओ' लेवल कंप्यूटर ट्रेनिंग (साफ्टवेयर)	01 वर्ष/ 11 माह	10+2 या समकक्ष उत्तीर्ण या उच्चतर	18-30 वर्ष (01-07-2022 को)	राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राँची	22-06-2022	24-06-2022
4.	'ओ' लेवल कंप्यूटर ट्रेनिंग (हार्डवेयर मेंटेनेस)	01 वर्ष/ 01वर्ष	10+2, ITI या समकक्ष उत्तीर्ण या उच्चतर	18-30 वर्ष (01-07-2022 को)	राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राँची	22-06-2022	24-06-2022

उपरोक्त कोर्स हेतू उम्मीदवारों को पठन-पाठन सामग्रियां एवं प्रशिक्षण के दौरान 1000/- (एक हजार रूपए) प्रति माह छात्रवृत्ति केंद्र से बाहर दुसरे प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन कर रहे उम्मीदवारों को दिया जायेगा। यदि उसके या उसके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय 3,00,000/- (तीन लाख रुपए) से अधिक ना हो।

आवेदन पत्र को केंद्र में **दिनांक 01.06.2022 से 22.06.2022 तक** किसी भी कार्य दिवस में शनिवार और रविवार छोड़कर निःशुल्क प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक प्राप्त/जमा किया जा सकता है। आवेदन पत्र बिहित प्रपत्र में भर कर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतू नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर, राँची में दिनांक **22.06.2022** तक पूर्ण रूप से भरकर आवेदन के साथ उम्मीदवार अपने पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के अतिरिक्त अंक प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड/एन सी एस पंजीयन संख्या की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।

चयनित उम्मीददारों को प्रवेश लेने के समय बैंक का Active Account Number जो आधार कार्ड से लिंक हो, जमा करना होगा। आवेदन प्रत्र प्राप्त करने होतू नियोजनालय का निबंधन कार्ड/एन सी एस पंजीयन संख्या की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

चयन हेतु उम्मीदवारों का परीक्षा/साक्षात्कार आई.टी.आई. परीक्षा भवन, ईटकी रोड, हेहल, राँची में उपरोक्त तिथि को प्रस्तावित है। परीक्षा/साक्षात्कार में भाग लेने हेतू किसी प्रकार का यात्रा भत्ता, मार्ग-व्यय देय नहीं होगा।

नोट- चयनित उम्मीदवारों की सूची केंद्र के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 27.06.2022 को 1 बजे अपराह्न में प्रकाशित की जाएगी।

*** दिनांक 23.11.2021 को दैनिक प्रभात खबर एवं अन्य समाचार पत्रों में प्रकाशित नामांकन सम्बंधित सूचना एवं राँची में कोचिंग संस्थान/प्रशिक्षण संस्थान में पठन-पाठन हेतु विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।**

ह./- (डॉ.रणजीत कुमार मंडल)

उप-क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी